कार्यालय, मुख्य विकास अधिकारी, भदोही।

पत्रांक /एसटी-सीडीओ/2022-23 दिनांक : 23 नवम्बर, 2022

अधिशासी अभियन्ता,
ग्रामीण अभियंण विभाग,
जनपद भदोही।

पत्र के साथ मूल रूप में संलग्न श्री राजेश कुमार गुरुकुलम शिक्षण संस्थान, ननवगरपुर, जखौंव गोपीगंज, विकास खण्ड ज्ञानपुर जनपद भदोही के आवेदन पत्र दिनांक 17.11.2022 जो कक्षा-01 से 08 तक विद्यालय के मान्यता हेतु विद्यालय की जाँच कराकर नेशनल बिल्डिंग कोड (एन0बी0सी0) प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है। शिक्षा निदेशक (बेसिक), बेसिक शिक्षा अनुभाग-3, उत्तर प्रदेश लखनऊ के पत्र संख्या-89/अरसठ-3-2018-2041/2018 दिनांक 11 जनवरी, 2019 के द्वारा नेशनल बिल्डिंग कोड के अनुरूप विद्यालय भवन की गुणवत्ता की जाँच किये जाने के निर्देश निर्गत किये गये हैं :-

1. विद्यालय भवन की छत एवं दीवारों के निर्माण में पूर्ण मजबूती है।
2. भवन में धूप एवं ठंड से बचाव की पर्याप्त व्यवस्था की गयी है।
3. कक्षा-कक्ष हवादार एवं रोशनीयुक्त है।
4. एक मंजिल से अधिक ऊँचे भवन की सीढ़ियाँ एवं रैम्प, जो निकास मार्ग के रूप में प्रयुक्त हो रही है, अद्यतन नेशनल बिल्डिंग में निर्धारित मानक के अनुरूप बनायी गयी हो, ताकि आकस्मिकता की स्थिति में बच्चों के निकास में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।

अतः उक्त बिन्दुओं को ध्यान में रखते हुए नेशनल बिल्डिंग कोड के अनुरूप विद्यालय भवन की गुणवत्ता की स्थलीय जाँच अपने अधीनस्थ सहायक अभियन्ता से कराकर जाँच आख्या एवं विद्यालय भवन नेशनल बिल्डिंग कोड के मानकों के अनुरूप होने का प्रमाण-पत्र उपलब्ध करायें।

**संलग्नक-आवेदन पत्र मूल रूप में।**

(भानु प्रताप सिंह)
मुख्य विकास अधिकारी,
भदोही।

पत्रांक 417 तदैव दिनांकित।

प्रतिलिपि-निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

1. श्री राजेश कुमार गुरुकुलम शिक्षण संस्थान, ननवगरपुर, जखौंव गोपीगंज, विकास खण्ड ज्ञानपुर जनपद भदोही के आवेदन पत्र दिनांक 17.11.2022 के कम में द्वारा सम्बन्धित खण्ड शिक्षा अधिकारी।
2. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, भदोही।

मुख्य विकास अधिकारी,
भदोही।

## कार्यालय, मुख्य विकास अधिकारी, भदोही।

पत्रांक 457/एसटी–सीडीओ/2022–23 दिनांक : 21 दिसम्बर, 2022

प्रबन्धक,
गुरूकुलम शिक्षण संस्थान, ननवगरपुर,
जखॉव, गोपीगंज, विकास खण्ड ज्ञानपुर
जनपद भदोही।

आपके आवेदन पत्र दिनांक 17.11.2022 के क्रम में विद्यालय भवन की गुणवत्ता की जॉच सहायक अभियन्ता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, भदोही से कराया गया। उन्होंने अपने कार्यालय पत्र संख्या–527/ग्रा0अ0वि0/सहा0अभि0/निरीक्षण/2022–23 दिनांक 07.12.2022 के द्वारा विद्यालय भवन की गुणवत्ता की जॉच करते हुए सुरक्षा प्रमाण–पत्र संख्या–528/ग्रा0अ0वि0/2022–23 दिनांक 07.12.2022 उपलब्ध कराया गया है, को मूल रूप में संलग्न कर आपको नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।
**संलग्नक–यथोपरि।**

मुख्य विकास अधिकारी,
भदोही।

पत्रांक /तदैव दिनांकित।
प्रतिलिपिः– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, भदोही।
2. अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, भदोही।
3. सहायक अभियन्ता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, भदोही ।

मुख्य विकास अधिकारी,
भदोही।

प्रेषक,

अतीन्द्र केसरवानी
सहायक अभियंता
ग्रामीण अभियंत्रण विभाग
प्रखण्ड– भदोही।।

सेवा में,

मुख्य विकास अधिकारी
जनपद–भदोही

पत्रांक 527 ग्रा0अ0वि0 / सहा0अभि0 / निरीक्षण / 2022–23 दिनांकः– 07 /12/2022

महोदय,

कृपया आपके कार्यालय के पत्रांक 417 / एसटी–सीडीओ / 2022–23 दिनांक 23.11.2022 का अवलोकन करने का कष्ट करे, जिसके द्वारा गुरूकुलम शिक्षण संस्थान, ननवगरपुर, जखॉव, गोपीगंज, विकास खण्ड–ज्ञानपुर, जनपद–भदोही के विद्यालय भवन की गुणवत्ता की स्थलीय जॉच आख्या एवं विद्यालय भवन नेशनल बिल्डिंग कोड के मानकों के अनुरूप होने का प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया है।

उक्त के कम में मेरे द्वारा उपरोक्त विद्यालय का निरीक्षण दिनांक 06.12.2022 को किया गया। निरीक्षण में पाया गया कि विद्यालय भवन की छत एवं दिवारों के निर्माण में पूर्ण मजबूती है। भवन में धूप एवं ठण्ड से बचाव की पर्याप्त व्यवस्था की गयी है। कक्षा–कक्ष हवादार एवं रोशनीयुक्त है। विद्यालय भवन में आकस्मिकता की स्थिति में बच्चों के निकास में किसी भी प्रकार की बाधा नहीं है।

प्रमाणित किया जाता है कि विद्यालय भवन नेशनल बिल्डिंग कोड के अनुरूप है।विपरी स्थिति में भवन स्वामी स्वयं उत्तरदायी होंगे। आख्या आपकी सेवा में सूचनार्थ प्रेषित।

7272
19/12/2022 ST, CDO

CDO
17/12/22

भवदीय

07/12/22

(अतीन्द्र केसरवानी)
सहायक अभियंता
ग्रामीण अभियत्रण विभाग
प्रखण्ड – भदोही।

# सुरक्षा प्रमाण–पत्र

पत्रांक 528 / ग्रा0अ0वि0 / 2022–23 दिनांक 07/12/22

गुरूकुलम शिक्षण संस्थान, ननवगरपुर, जखॉव, गोपीगंज, विकास खण्ड–ज्ञानपुर, जनपद–भदोही के भवन का निरीक्षण दिनांक 06.12.2022 को किया गया। निरीक्षण के दौरान उपरोक्त भवन देखने से मानक के अनुरूप पाया गया। प्रबन्धक द्वारा उपलब्ध कराये गये शपथपत्र के आधार पर भवन नेशनल बिल्डिंग कोड–2005 में प्राविधानित सुरक्षा मानक के अनुरूप बनाया गया है। भवन के निर्माण कार्य के गुणवत्ता की सम्पूर्ण जिम्मेदारी निर्माण एजेन्सी की होगी।

07/12/22

सहायक अभियंता
ग्रामीण अभियंत्रण विभाग
प्रखण्ड–भदोही